निम्नलिखित लाइनों के सर्वेक्षण 1977-78 में शुरू किए गए हैं ।

1. रांची रोड से गिरिडोह वाया कोडरमा

2. बैद्यनाथधाम से मन्दारहिल

इन लाइनों का निर्माण संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा ।

दिल्ली-राजहरा से बेलाडिला रेलवे लाइन

96. **श्री प्रधन सिंह ठाकुर** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली–राजहरा से बेलाडिला तक रेलवे लाइन के लिए मंजूरी दी गई थी;

(ख) यदि हां, तो क्या इसरे लवे लाइन का निर्माण कार्य अभी आरम्भ नहीं हुआ है; और

(ग) इस रेलवे लाइन का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ हो जाएगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ग). रायपुर–धमतरी छोटी लाइन खण्ड को बड़ी लाइन में बदलने तथा दल्ली राजहरा से जगदलपुर तक बड़े आमान की एक नई लाइन बिछाने के लिए सर्वेक्षण–कार्य पूरा हो चुका है । इस सम्पूर्ण परियोजना पर लगभग 55 करोड़ रुपए खर्च होने की सम्भावना है । पहली अनवरत योजना की अवधि में इस परियोजना का उपयुक्त चरणों में निर्माण–शुरू करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ।

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुविधाएं दिया जाना

97. **श्री एस० एस० सोमानी** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में, वर्षवार, रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को सुविधाएं देने हेतु प्रत्येक रेलवे जोन के लिए कितनी राशि आवंटित की गई है; और

(ख) उक्त अवधि के दौरान इस शीर्षक के अन्तर्गत प्रत्येक जोन ने वास्तव में कितनी राशि व्यय की ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) आवटन (संशोधित)

(आंकड़े हजार रुपयों में)

रेलवे	1974–75	1975–76	1976–77
मध्य	92,13	18,11	13,75
पूर्व	36,86	8,48	37,95
उत्तर	34,53	73,99	61,39
पूर्वोत्तर	14,22	95,18	98,59
पूर्वोत्तर सीमा	3,67	5,40	7,45
दक्षिण	29,03	20,24	42,47
दक्षिण मध्य	19,97	13,00	16,57
दक्षिण पूर्व	12,70	9,11	18,52
पश्चिम	22,27	37,73	39,80
जोड़	2,65,38	2,81,24	3,36,49